आकाशवाणी श्री विजयपुरम

13.03.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी से वर्चुअल जनसभा में बोडो क्षेत्र के विकास पर बल देते हुए कहा– दशकों तक हिंस्सा झेलने वाला बोडो क्षेत्र आज विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

2. पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के साथ चिन्ता व्यक्त की।

3. उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत अंडमान निकोबार द्वीप समूह को पूर्णतः साक्षर केन्द्रशासित प्रदेश घोषित किया गया।

4. भूकंप और सुनामी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए 16 मार्च को आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वीप समूह में राज्यस्तरीय आपदा संचार पूर्वाभ्यास का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में असम के कोकराझार जिले में वर्चुअल माध्यम से एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार बोडो प्रादेशिक परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है और इसके विकास के लिए एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए है। प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि दशकों तक हिंसा और रक्तपात झेलने वाला बोडो क्षेत्र अब विकास और स्थिरता के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि हजारों युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बीटीसी क्षेत्र में असम माला 3.0 सड़क परियोजना, चार फ्लाईओवर और दो पुलों की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री गुवाहाटी में लगभग 19 हजार छ सौ अस्सी करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री राज्य के पात्र चाय बागान श्रमिकों को प्रतीकात्मक रूप से भूमि पट्टे सौंपेंगे और 150 मेगावाट की कोपिली जलविद्युत परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। श्री मोदी गुवाहाटी से देश भर के तिरानब्बे करोड़ से अधिक किसानों को पीएम–किसान योजना की 22वीं किस्त भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कल सिलचर में 23 हजार 550 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन के साथ पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर बातचीत की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने और नागरिकों की मृत्यु होने तथा नागरिक ढांचे को नुकसान पहुचंने पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा वस्तु और ऊर्जा की निर्बाध परिवहन की जरूरत भारत की उच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

<><><><><><><>

भारत और अमरीका ने मादक पदार्थों पर नियंत्रण के लिए दोनों देशों के बीच उपयोगी खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा की। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के महानिदेशक अनुराग गर्ग और अमरीका के राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण नीति कार्यालय की निदेशक सारा कार्टर ने अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ ऑस्ट्रिया के वियना में संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ आयोग के 69वें सत्र के दौरान मुलाकात की। दोनों पक्षों ने अप्रैल 2026 में अमरीका–भारत मादक पदार्थ विरोधी कार्य समूह की तीसरी बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोहों की त्वरित जांच करने की भी बात कही।

<><><><><><><>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हवाई माल ढुलाई में तीन दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्राधिकरण ने कहा कि यह प्रगति मजबूत कार्गो बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे माल की आवाजाही तेज होगी और व्यापार, वाणिज्य तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढावा मिलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत औपचारिक रूप से पूर्णतः साक्षर केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा प्राप्त कर लिया है। वर्ष 2023–24 के दौरान वयस्क शिक्षा योजना उल्लास कार्यक्रम को द्वीपसमूह में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। इसके तहत व्यापक सर्वेक्षण कर निरक्षर वयस्कों की पहचान की गई और उन्हें निकटवर्ती सामाजिक चेतना केंद्रों में नामांकित कर स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान किया गया। बाद में इन शिक्षार्थियों ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा में भाग लेकर सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि के साथ अंडमान निकोबार द्वीप समूह देश के पूर्णतः साक्षर क्षेत्रों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग के 13 पशु चिकित्सा सहायकों के पहले बैच ने केरल पशुधन विकास बोर्ड में गाय और भैंस के कृत्रिम गर्भाधान में 30 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह पहल द्वीपों में डेयरी उत्पादकता, आनुवंशिक सुधार और कुशल प्रजनन सेवाओं को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा 16 मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक द्वीपसमूह में भूकंप और सुनामी से संबंधित राज्यस्तरीय संचार आपदा पूर्वाभ्यास आयोजित किया जाएगा। यह पूर्वाभ्यास सभी आपातकालीन सहायता संस्थाओं, अंडमान और निकोबार कमान, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तथा भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र के समन्वय से किया जाएगा। इस पूर्वाभ्यास का उद्देश्य भूकंप और सुनामी जैसी आपदा की स्थिति में आपदा संचार व्यवस्था, चेतावनी प्रसार प्रणाली, आपातकालीन सायरन व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों और राहत एजेंसियों के बीच समन्वय की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है। पूर्वाभ्यास के दौरान आपातकालीन सायरन बजाए जाएंगे। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि सायरन बजने या अभ्यास के दौरान घबराएं नहीं। सभी आवश्यक और सार्वजनिक सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी तथा किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होगा। प्रशासन ने नागरिकों से इस अभ्यास के सफल संचालन के लिए सहयोग की अपील की है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पिछले दिनों वार्षिक वनस्पति विज्ञान मंच द्वारा 'वनस्पति महोत्सव–2026' का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय समुद्री जैव विविधता रहा। महोत्सव के दौरान जैव विविधता एवं संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी, पुष्प सज्जा, सूक्ष्मजीव खाद्य उत्सव, प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, रचनात्मक वनस्पति गतिविधियाँ, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाना, वन फूल सज्जा, बिना आग के व्यंजन, फल–सब्ज़ी नक्काशी तथा चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिक–ई एवं अतिरिक्त निदेशक डॉ. लाल जी सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने विभागीय भित्ती पत्रिका 'डैफोडिल्स' का विमोचन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपवन संरक्षक जोजो पी. अलप्पट्ट, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक डॉ. सी. शिवपेरुमन तथा पांडिचेरी विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. जी. पद्मावती ने भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जिम्मेदार जीवनशैली के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग में वेटरनरी कंपाउंडर के रिक्त पदों में भर्ती के लिए 8 चयनित उम्मीदवारों की सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। चयनित उम्मीदवारों का प्रमाणपत्रों का सत्यापन कार्य 24 मार्च को किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों के कार्यभार न संभालने या कार्यभार संभालने के बाद इस्तीफा देने के कारण शेष बचे रिक्त पदों को मेरिट सूची के आधार पर भरा जाएगा।

<><><><><><><>